दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 23 मई 2019 | 5

एक्वा लाइन के यात्रियों को सुरक्षा गार्डों ने दो घंटे तक प्रवेश से रोका

जागरण संवाददाता, नोएडा : वेतन नहीं मिलने से नाराज सुरक्षा गार्डों ने बुधवार की सुबह करीब दो घंटे तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो के मुसाफिरों को स्टेशन के अंदर जाने से रोक दिया। इससे सुबह छह से करीब आठ बजे तक सेक्टर-81, सेक्टर-101, सेक्टर-137, एनएसईजेड और सेक्टर-83 स्टेशन पर यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी।

आरोप है कि मेसर्स आयरनमैन सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड (आइएसएसपीएल) की ओर से स्टेशन पर तैनात सुरक्षा गार्डों को दो माह का वेतन नहीं दिया गया है। इसके विरोध में सुबह करीब छह बजे से आठ बजे तक सभी स्टेशनों पर सुरक्षा गार्ड हड़ताल पर रहे। इसकी जानकारी मिलने पर नोएडा से लेकर लखनऊ तक हड़कंप मच गया। जैसे ही आलाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया, वैसे ही जिला प्रशासन के अधिकारी भी मेट्रो स्टेशन पहुंच गए। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बावजूद करीब दो घंटे तक मुसाफिरों को स्टेशन के अंदर नहीं जाने दिया गया। इससे काफी संख्या में लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। इस अव्यवस्था को लेकर मुसाफिरों ने नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) प्रशासन के खिलाफ आपत्ति भी दर्ज कराई।

आक्रोश

- सुबह छह से आठ बजे तक स्टेशन के अंदर घुसने नहीं दिया
- दो महीने से वेतन नहीं मिलने का आरोप लगा हड़ताल पर बैठे

गार्डों की हड़ताल के बाद खाली पड़ा एक्वा लाइन का सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन

> कुछ कर्मचारियों का वेतन आरटीजीएस से ट्रांसफर होता है और कुछ का वेतन सीधे बैंक खाते में जाता है। बैंक खाते नहीं खुलने के कारण आरटीजीएस वाले कर्मियों का वेतन पहुंचने में देर हो गई। हालांकि, वेतन नियमित जारी किया जा रहा है।
>
> –हरेंद्र चौधरी, मालिक, आइएसएसपीएल

एनएमआरसी ने एजेंसी को दिया चेतावनी नोटिस: एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि सुरक्षा गार्डों की मनमानी की वजह से मुसाफिरों को परेशानी झेलनी पड़ी और एनएमआरसी को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा। इससे साख भी खराब हुई है। इसलिए एनएमआरसी प्रबंधन की ओर से आइएसएसपीएल को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि इस प्रकार के कर्मचारियों को हटाया जाए। भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए, अन्यथा कंपनी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।